मुख्य समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 14.09.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए सरकार प्रतिबद्ध–असम सहित पूर्वोत्तर के विकास के लिए संकल्प के साथ कार्य किया जा रहा हैं
- राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर आज विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित–जयपुर में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने दिये राज्यस्तरीय हिन्दी सेवा पुरस्कारं
- जयपुर के चाकसू के पास अंडरपास नाले में कार गिरने से दो परिवारों के 7 लोगों की मृत्युं
- प्रदेशभर में 69वीं जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारम्भ–एशिया कप क्रिकेट टी–ट्वेंटी टूर्नामेन्ट में भारत–पाकिस्तान के बीच आज रात दुबई में मुकाबला होगां

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है और समूचे देश सहित पूर्वोत्तर के विकास के लिए संकल्प के साथ कार्य किया जा रहा हैं आज असम के गोलाघाट स्थित नुमालीगढ़ रिफाइनरी में बायो–एथेनॉल प्लांट के उद्घाटन और पॉलीप्रोपाइलीन प्लांट की आधारशिला रखने के बाद आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि असम को सेमिकडंक्टर मिशन के तौर पर चुना गया हैं उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया के लक्ष्य को धरातल पर उतारने के लिए पूर्वोत्तर की महत्वपूर्ण भूमिका हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार नागरिक देवो भव की भावना के साथ काम कर रही हैं

.....

पूर्वोत्तर में असम दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री ने इससे पहले दरांग जिले के मंगलदोई में 18 हजार 530 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा और औद्योगिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कियां

0000

आज राष्ट्रीय हिन्दी दिवस देश–प्रदेश में समारोहपूर्वक मनाया गयां राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार और दैनिक जीवन में इसके अधिक से अधिक उपयोग के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं हिन्दी दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं है, यह देश की पहचान और मूल्यों की जीवंत विरासत भी हैं सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने लोगों से अपील की कि वे हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं को समृद्ध बनाएं और इन्हें भावी पीढ़ी तक पहुँचाने का संकल्प लें गृहमंत्री अमित शाह ने हिंदी को और आसान बनाने तथा इसके साथ क्षेत्रीय भाषाओं के सह–अस्तित्व को बढ़ावा देने की अपील की हैं गुजरात के गांधीनगर में पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में श्री शाह ने लोगों से मातृभाषा का सम्मान करते हुए हिंदी का समर्थन करने का आह्वान कियां उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिंदी को और अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए सारथी मंच और हिंदी शब्द सिंधु कोश की शुरूआत की हैं श्री शाह ने कहा कि हिंदी को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, न्याय और पुलिस की भाषा भी बनना होगां

.....

इधर हिन्दी दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में रखा गयां कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने विविध विद्याओं और साहित्य में लेखकों को हिन्दी सेवा पुरस्कार प्रदान किएं जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी को उनके यात्रा वृतांत के लिए पुरस्कार दिया गयां कार्यक्रम में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में हिन्दी में शत प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गयां इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. बैरवा ने कहा कि हिन्दी को राजभाषा से जनजन की भाषा बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी हैं उन्होंने अधिकारियों से दैनिक कामकाज में हिन्दी का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया हैं

हिन्दी दिवस पर विभिन्न जिलों में भी संगोष्ठियां, प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं

0000

जयपुर के चाकसू में अंडरपास नाले में कार गिरने से 7 लोगों की मृत्यु हो गईं पुलिस ने बताया कि दुर्घटना बीती रात को हुई लेकिन इसका पता आज दिन में लग सकां हादसे के शिकार लोग हरिद्वार अस्थियां विसर्जन कर लौट रहे थें मृतक केकडी के फुलियावास और जयपुर के वाटिका के रहने वाले थें इनमें दो महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं पुलिस मामले की जांच कर रही हैं

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज आंध्रप्रदेश के तिरूपति शहर में महिला सशक्तिकरण पर दो दिवसीय संसदीय और विधायी समिति राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन कियां उन्होंने इस अवसर पर एक प्रदर्शनी का भी उद्‌घाटन किया और एक पुस्तिका जारी कीं इस राष्ट्रीय सम्मेलन में संसद, विधानसभाओं और विधान परिषदों की महिला सशक्तिकरण समितियों की अध्यक्ष और सदस्य शामिल हुई हैं

0000

देवस्थान विभाग की ओर से वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना के तहत पाली से आज विशेष ट्रेन हरिद्वार, अयोध्या के लिए रवाना हुईं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने गाडी को हरी झंडी दिखाईंये गाड़ी पश्चिमी राजस्थान के 8 जिलों के पौने सात सौ वरिष्ठ नागरिकों को ऋषिकेश, वाराणसी और सारनाथ की भी धार्मिक सैर करायेगीं इस मौके पर मंत्री कुमावत ने कहा कि इस बार निशुल्क यात्रा योजना के तहत 56 हजार वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न धार्मिक स्थलों की सैर करायी जायेगीं

.....

0000

सिरोही जिला मुख्यालय पर आज महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गयां राजीविका की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी और राजीविका की ब्रांड एम्बेसेडर रूमा देवी भी शामिल हुईं मंत्री देवासी ने महिलाओं समूहों से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्‌वान कियां उन्होंने राजीविका तथा दूसरी संस्थाओं और संगठनों से जुडी महिलाओं को आगे बढकर परिवार के साथ समाज तथा देश को सशक्त बनाने में योगदान देने की अपील कीं

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से देशभर में आयोजित किये जाने वाले सेवा पखवाडा अभियान के तहत प्रदेश भाजपा भी तैयारियों में जुटी हैं 2 अक्टूबर तक मनाये जाने वाले पखवाडे को लेकर विभिन्न जिलों में कार्यशालाएं आयोजित हो रही हैं झुंझुनूं में रखी गई कार्यशाला में भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने स्थानीय विधायकों और जनप्रतिनिधियों से आह्‌वान किया कि वे सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं को जनता तक पंहुचाने और इस आयोजन में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समग्र रूप से काम करें उन्होंने पखवाडे के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दीं

....

00000

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज 69वीं जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आगाज हुआं 17 सितम्बर तक चलने वाली प्रतियोगिता का सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों और जिले के प्रभारी मंत्रियों ने उद्‌घाटन कियां अलवर में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और प्रदेश के वन पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में प्रतियोगिता का शुभारम्भ कियां बाडमेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगाला में उद्योग राज्यमंत्री के के विश्नोई ने प्रतियोगिता की शुरूआत कीं पाली में पूर्व मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे ने वुशू और ताइक्वांडो स्पर्धाओं का उद्‌घाटन कियां पाली के सुमेरपुर में देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कर्राटे प्रतियोगिता का उद्‌घाटन कियां डीग के गुलापाडा महात्मागांधी विद्यालय में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने खिलाडियों का उत्साह बढायां

00000

एशिया कप क्रिकेट टी—ट्वेंटी टूर्नामेंट में आज भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने—सामने होंगीं ग्रुप—ए का ये मैच रात आठ बजे से दुबई में खेला जाएगां इस साल फरवरी के बाद दोनों टीमें पहली बार भिड़ेंगीं

00000

जीएसटी परिषद नेहाल ही में किए गए सुधारों के तहत नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कमी कीं आज, हम स्वास्थ्य क्षेत्र के सुधारों पर एक नज़र डालते हैं

....

000